# सत्र-2021-2022

## पाठ्यक्रम (अनुपूरक परीक्षा)

कक्षा आठवीं        पूर्णांक-88+2(सुंदर लिखाई)=90

विषय-हिंदी (द्वितीय भाषा )

| भाग | विषय वस्तु |
|---|---|
| भाग-क | बहुवैकल्पिक प्रश्न- (पाठ्य-पुस्तक के पाठ-1-10 तक के अभ्यासों में से)<br>पर्यायवाची शब्द, शब्द-शुद्धि,संज्ञा, सर्वनाम, कारक, विशेषण, क्रिया की पहचान, क्रिया-विशेषण, लिंग बदलो, वचन बदलो,विपरीत शब्द, विशेषण निर्माण, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द,काल, वाच्य, विस्मयादिबोधक की पहचान, विराम चिहन, 'र' के विभिन्न रूप |
| भाग-ख | ii पाठ्य-पुस्तक के पाठ-1-10 के अभ्यासों में से अति लघूत्तर प्रश्न |
| | iii पाठ्य-पुस्तक के पाठ-1-10 के अभ्यासों में से शब्दार्थ/कठिन शब्दों के अर्थ |
| | iv पाठ्य-पुस्तक के पाठ-1-10 के पद्यांश पर आधारित बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न |
| भाग-ग | पाठ्य-पुस्तक की विषय वस्तु से सम्बंधित प्रश्न<br>पाठ्य-पुस्तक के पाठ 11-20 में संकलित 'कविता भाग' में से पद्यांश का सरलार्थ,पाठ्य-पुस्तक के पाठ 11-20 के गद्य भाग के अभ्यासों में से निबंधात्मक प्रश्न |
| भाग-घ | व्यावहारिक व्याकरण : भाववाचक संज्ञा निर्माण, संबंधबोधक, योजक (पाठ 11-20) पुरुष ( पृष्ठ-118-119) |
| भाग-ङ | रचनात्मक लेखन (पत्र लेखन व निबन्ध लेखन )<br>(क) औपचारिक पत्र-<br>1.स्कूल में पीने के पानी का समुचित प्रबन्ध करने के लिए मुख्याध्यापिका को प्रार्थना पत्र।<br>2.स्कूल छोड़ने पर प्रमाण पत्र के लिए मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र ।<br>3.छुट्टी वाले दिन स्कूल के क्रीड़ाक्षेत्र (प्ले ग्राउंड) में क्रिकेट मैच खेलने की अनुमति लेने के लिएप्रिंसिपल को प्रार्थना पत्र।<br>4. अपने गाँव के सरपंच को अपने स्कूल के विकास में योगदान देने के लिए पत्र ।<br>(ख) अनौपचारिक पत्र :<br>1.चाचा जी द्वारा आपके जन्मदिन पर भेजे उपहार के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए पत्र। |

Surabhi
Co-ordinator Hindi
22/00/2022

| | |
|---|---|
| | 2.मित्र के जन्म दिन पर उसे बधाई देते हुए पत्र।<br>3. मित्र को स्कूल में मनाए गणतन्त्र दिवस के बारे में बताते हुए पत्र।<br>4. बहन के विवाह में सम्मिलित होने के लिए मित्र को आमंत्रण पत्र।<br><br>**निबन्ध लेखन**1. प्रात:काल की सैर 2. मेरा प्रिय खेल 3. शहीद भगत सिंह 4. रक्षा बन्धन<br>5. स्वतन्त्रता दिवस 6. सत्संगति 7. कम्प्यूटर/मोबाइल के लाभ और हानियाँ 8. स्वच्छता अभियान 9. प्रदूषण की समस्या व समाधान 10. मेरा पंजाब |
| भाग-च | मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ (पाठ-11-20) |
| भाग-छ | अनुवाद- पंजाबी शब्दों का हिंदी में अनुवाद, पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद (पाठ-11-20) |

**पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य पुस्तक - आओ हिंदी सीखें-8**

Surabhi

# प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

(i) कुल नौ प्रश्न होंगे ।

(ii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(iii) 2 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं । अक्षरों व शब्दों के सामान्य आकार,अक्षरों की स्पष्टता,अक्षरों व शब्दों के बीच की निश्चित दूरी, लिखने में एकसारता व प्रवाहयुक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा।

भाग-क : **व्यावहारिक व्याकरण (बहुवैकल्पिक प्रश्न)** (22)

**नोट: प्रश्न 'I' में कुल 40 बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न में उत्तरों के चार विकल्प दिए जाएँगे, जिनमें से सही का उत्तर देना होगा ।**

प्रश्न-I.1-22 में पर्यायवाची शब्द, शब्द-शुद्धि,संज्ञा, सर्वनाम, कारक, विशेषण, क्रिया की पहचान , क्रिया-विशेषण , लिंग बदलो , वचन बदलो ,विपरीत शब्द , विशेषण निर्माण, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द ,काल, वाच्य, तथा विस्मयादिबोधक की पहचान, विराम चिहन, 'र' के विभिन्न रूप में से 22 बहुवैकल्पिक प्रश्न (पाठ-1-10 के अभ्यासों में से में से) पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 22 x 1= 22

भाग-ख : पाठ्य-पुस्तक **(बहुवैकल्पिक प्रश्न)** (18)

प्रश्न-I.23-30 में पाठ्य-पुस्तक के पाठ 1-10 तक के अभ्यासों में से आठ अति लघूत्तर बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 8x1= 8

प्रश्न-I.31-35 में पाठ्य-पुस्तक के पाठ 1-10 तक के अभ्यासों में से कठिन शब्दों के अर्थ से सम्बन्धित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 5x1= 5

प्रश्न-I.36-40 में पाठ्य-पुस्तक के पाठ 1-10 तक के पद्यांश पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 5x1= 5

**भाग-ग** **पाठ्य-पुस्तक** **(17)**

प्रश्न-II. पाठ्य पुस्तक में संकलित 'कविता भाग' में से दो पद्यांश दिये जाएंगे, जिनमें से एक पद्यांश का सरलार्थ लिखने के लिये कहा जाएगा। 5

Surabhi
23/06/2022

प्रश्न-III. पाठ्य पुस्तक में से निबन्धात्मक प्रश्नों में से पाँच निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा। 3x4=12

भाग-घ : व्यावहारिक व्याकरण (4)

प्रश्न-IV. भाववाचक संज्ञा निर्माण, संबंधबोधक, योजक (पाठ -11-20) पुरुष (पृष्ठ-118-119) में से छह प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से चार के उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा। 4x1=4

भाग-ङ (रचनात्मक लेखन ) (16)

प्रश्न-V. यह प्रश्न पत्र लेखन से सम्बन्धित होगा। इसमें 100 प्रतिशत आन्तरिक विकल्प दिया जाएगा। 8

प्रश्न-VI. कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 150-200 शब्दों में निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा। 8

भाग- च मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ (5)

प्रश्न-VII. पाठ्य-पुस्तक के पाठ-11-20 में से सात मुहावरे/लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं पाँच मुहावरे/लोकोक्तियों को वाक्यों में अर्थ स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा। 5x1=5

भाग-छ अनुवाद : पंजाबी शब्दों तथा वाक्यों का हिंदी में अनुवाद (6)

प्रश्न-VIII (i) पाठ्य-पुस्तक के पाठ-11-20 में से पंजाबी के तीन शब्द देकर उनमें से किन्हीं दो का हिंदी में अनुवाद करने के लिये कहा जाएगा। 2x1=2

(ii) पाठ्य-पुस्तक के पाठ-11-20 में से पंजाबी के तीन वाक्य देकर उनमें से किन्हीं दो का हिंदी में अनुवाद करने के लिये कहा जाएगा। 2x2=4

सुंदर लिखाई (2)

प्रश्न-IX. 2 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं। 2

Suresh
22/06/2021